देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शुक्रवार 22 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर- अगर तुम लड़कियों का पीछा नहीं छोड़ोगे, तो तुम जल्दी ही मर जाओगे।
आदमी- लड़कियों का पीछा करने से कोई कैसे मर सकता है?
डॉक्टर- उनमें से एक लड़की मेरी है।

# डीजे में नाचने को लेकर विवाद, युवक की हत्या,6 आरोपी गिरफ्तार

## बिल्हा में विश्वकर्मा विसर्जन के दौरान हुआ था विवाद, आरोपियों को हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद



**बिलासपुर**, 21 सिंतबर (देशबन्धु)। बिल्हा में विश्वकर्मा विसर्जन के दौरान हुए विवाद में एक युवक की आधा दर्जन लोगों ने हत्या कर दी। इस मामले में बिल्हा पुलिस ने सभी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक नाबालिग भी शामिल है।

बिल्हा पुलिस ने बताया कि कि प्रार्थी रामबगस नेताम पिता सुमेरी नेताम उम्र 65 साल साकिन पेण्डरवा थाना बिल्हा निवासी ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18-09-2023 के मै अपने घर में था, व मेरे पुत्र तुकेश नेताम अपने साथियो के साथ विश्वकर्मा विसर्जन के लिए बसंती नाला गया था, रात्रि 09.00 बजे के आसपास मेरी पत्नि मुझे बताई कि मिडिल स्कूल के पास कौन कौन लडाई झगडा हो रहे है । तब मै मिडिल स्कूल के पास जाकर देखा तो मेरे पुत्र तुकेश मिडिल स्कूल के सामने रोड में पडा था, लहूलूहान था उसके छाती एवं सिर में चोंट था बेहोश पडा था, तथा राजा नेताम, आकाश यादव, रवि यादव इनको भी मारे थे तो चोंट लगा था और घायल होकर खून निकल रहा था। मुझे पता चला कि शाम 06.30 बजे स्कूल के पास अमन ध्रुव गाली दे रहा था तो उसे आकाश, रवि, राजा नेताम, मेरे लडके तुकेश नेताम मना किये कि गाली क्यो दे रहा है । इसी बात को लेकर झगडा हुये फिर वहां से चले गये करीब 09.00 बजे रात्रि में तुकेश नेताम व उसके साथी आकाश यादव, रवि यादव ,राजा नेताम और गांव के अन्य लोग विश्वकर्मा विसर्जन कर वापस आ रहे थे कि मिडिल स्कूल के पास पहुचे थे कि गांव का अमन ध्रुव, नारायण यादव, नकुल मरकाम, सहदेव मरकाम तथा राजा नेताम ग्राम झल्फा एवं अन्य अपने साथी के साथ आकर मुझे गाली देने से मना कर मारे हो कहकर रंजिश रखते हुये एक राय होकर चाकू, डण्डा से मेरे लडके के छाती, सिर, शरीर में मारकर हमला कर दिया तथा उसके साथी राजा नेताम, आकाश यादव, रवि यादव के उपर चाकू, डण्डा से हमला कर घायल कर दिये, जिसे अस्पताल बिल्हा ले गया। तो मेरे लडके तुकेश नेताम को डाक्टर मृत घोषित कर दिया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के द्वारा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण , राजेंद्र जयसवाल तथा उप पुलिस अधीक्षक सी.डी. लहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिल्हा सईद अख्तर के द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी की गई जो आरोपी विवेचना के दौरान आरोपी गण का पता तलाश कर आरोपी गण का मेमोरेंडम कथन लिया गया। जिसमें बताये कि दिनांक 18.09.2023 के शाम करीब 6.00 बजे गांव में विश्वकर्मा विर्सजन के दौरान डीजे में नाचने के दौरान रवि यादव, आकश, राजा नेताम, मृतक तुकेश से आरोपी अमन ध्रुव को धक्का लगने से गाली गलौच किया जिससे मना किये जिस पर झगडा हो गया। कुछ देर बाद शांत हो गये कि अमन ध्रुव वहा से चला गया तथा विश्वकर्मा विर्सजन कर वापस पंडाल में आकर रवि यादव, आकश, राजा नेताम, मृतक तुकेश वापस जा रहे थे कि मिडील स्कूल के पास करीब रात्रि 9.00 बजे पहूंचे थे कि अमन ध्रुव अपने साथी नारायण उर्फ लालू यादव, नकूल उर्फ बड़ू मरकाम, सहदेव उर्फ छोटू मरकाम, राजा उर्फ अरविंद नेताम पिता, नारायण राजपुत, विधि से संघर्षरत बालक चाकू डंडा लेकर एक राय होकर आये और अमन ध्रुव और नारायण राजपुत चाकू से तथा नारायण उर्फ लालू यादव, नकूल उर्फ बड़ू मरकाम, सहदेव उर्फ छोटू मरकाम, राजा उर्फ अरविंद नेताम पिता, विधि से संघर्षरत बालक डंडा से प्राणघातक हमलाकर तुकेश का हत्या कर दिये तथा रवि यादव, आकश यादव, राजा नेताम को गंभीर चोंट पहूंचाये तथा वहां से भाग गये ।

मामले में आरोपी अमन ध्रुव से घटना में प्रयुक्त चाकू तथा नारायण उर्फ लालू यादव, नकूल उर्फ बड़ू मरकाम, सहदेव उर्फ छोटू मरकाम, राजा उर्फ अरविंद नेताम पिता, विधि से संघर्षरत बालक से घटना में प्रयुक्त चाकू तथा डंडा, मोटर सायकल आरोपियों से जप्त किया गया है । आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जाता है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी सईद अख्तर के नेतृत्व मे उप निरीक्षक जी.एल. चंद्राकर, प्र आर अनिल साहू, बलराम विश्वकर्मा, खेम सिंह श्याम, रूपेश तिग्गा , आरक्षक - गोवर्धन शर्मा, रंजीत खलखो, सुमंत चंद्रवंशी, सचिन नामदेव, दिनेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संपादकीय

### गरीबी उन्मूलन में छग का बेहतरीन प्रदर्शन

*नीति आयोग की ताज़ा रिपोर्ट छत्तीसगढ़ के बारे में उत्साहवर्धक आंकड़े लेकर आई है। इसमें बतलाया गया है कि राज्य ने लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने तथा प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने की दिशा में उम्दा प्रदर्शन किया है। न्याय योजनाओं की इसमें बड़ी भूमिका बतलाई गई है जिसके कारण यह सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। अनेक जिलों का विशेष उल्लेख इस रिपोर्ट में हुआ है जहां बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला गया है। उम्मीद है कि छ.ग. सरकार अपने उन कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर इसी तरह काम करती रहेगी जिनके चलते ये उपलब्धियां हासिल हुई हैं। राज्य में इन कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका असर प्रदेश के सारे इलाकों में एक जैसा हुआ है। किसी भी क्षेत्र के साथ भेदभाव जैसी स्थिति दिखलाई नहीं पड़ती। इस रिपोर्ट के अनुसार 4 लाख लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में सफलता मिली है। रिपोर्ट के अनुसार जिन योजनाओं के कारण गरीबी का सफलतापूर्वक उन्मूलन हुआ है वे न्याय योजनाएं एवं ग्राम आधारित विकास कार्यक्रम हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, बेरोजगारी भत्ता, राजीव मितान क्लब आदि के जरिये ग्रामीणों, किसानों, पशुपालकों, महिलाओं, युवाओं, वनोपज संग्राहकों एवं विभिन्न हितग्राहियों को 1.5 लाख करोड़ रुपयों की नकदी के रूप में सहायता उन कारकों में हैं जिन्होंने बड़ा फर्क पैदा किया है। रिपोर्ट में इस तथ्य का भी जिक्र है कि दो साल तक कोरोना से प्रभावित होने के बाद भी राज्य की अर्थव्यवस्था में 56 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पहले जहां यह 88,793 रुपए सालाना थी वहीं अब यह बढ़कर करीब 1.34 लाख रुपए प्रति वर्ष हो गई है। राज्य की जीएसडीपी में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है- 3,27,1`6 रुपए से 5,`9,`43। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरगुजा, दंतेवाड़ा एवं कबीरधाम में 23 से 25 फीसदी लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। धमतरी के साथ ही रायपुर व बालोद में गरीबी रेखा का स्तर अब केवल 1` प्रतिशत ही रह गया है जो एक अच्छी खबर है। चूंकि प्रदेश की प्रमुख कृषि फसल धान है, इसके उत्पादकों को कई तरह के मिले आर्थिक संबल ने भी राज्य को इस स्थिति में पहुंचने में मदद की है। किसानों में पक्ष में बनाई गई नीतियों के कारण अनेक नये लोग खेती से जुड़े हैं या फिर इसकी ओर लौटे हैं। पहले जहां 12 लाख किसान थे आज आज वे दोगुने यानी करीब 24 लाख हो गये हैं। उन्हें मिलने वाले फायदों से लोगों की समग्र स्थिति सुधरी है। वनोपजों की खरीद का दायरा व समर्थन मूल्य बढ़ने से भी स्थिति सुधरी है।*

# निर्वाचन व्यय की मॉनीटरिंग के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**बिलासपुर,** 21 सितंबर ( देशबन्धु) । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर संजीव कुमार झा के मार्गदशन में सिंचाई विभाग के प्रार्थना भवन में मास्टर ट्रेनर द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर एम टी आलम ने उड़नदस्ता दल (एफ एस टी), स्थैतिक निगरानी दल (एस एस टी), वीडियो निगरानी दल (वी एस टी), वीडियो दर्शन दल (वी वी टी), लेखा दल और सभी टीमों के नोडल अधिकारियों और सहायक व्यय प्रेक्षकों को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण (ईईएम) के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके तहत उन्हें स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए विस्तृत रूप से इनके कर्तव्यों का निर्वहन, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पर कार्यवाही, संपत्ति विरूपण अधिनियम आदि के बारे में बताया गया। उल्लेखनीय है कि इस बार विधानसभा निर्वाचन में उम्मीद्वारों द्वारा व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है। इस अवसर पर जिले के नोडल अधिकारी (ई ई एम) राजेंद्र कुमार पटेल संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा और प्रशिक्षण प्रभारी अम्बष्ट उपस्थित थे। नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों की सूचना कलेक्टर को दिये जाने संबंधी निर्देश दिए गए हैं।

## सार-संक्षेप

### देशी व अग्रेजी शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया



**बिलासपुर** , 21 सिंतबर (देशबन्धु)। सीपत पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक ग्रामीण को पकड़ा है। मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम कौड़िया लक्ष्मी नारायण राठौर अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है । मुखबीर के बताये गये स्थान में जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो आरोपी लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा अपने घर के सामने अवैध रूप से 73 पाव देशी शराब 02 पाव विस्की रखकर एवम् बिक्री रकम 1500 रूपया कुल कीमती 7560 रखा था जो विधिवत आरोपी के कब्जे से जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर को न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है। उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. नरेश कुमार चौहान के साथ सउनि बृजमोहन कश्यप आर.चन्द्रप्रकाश भारद्वाज प्रदीप सोनी विनोद केवट का सराहनीय योगदान रहा है । जप्त किया गया।

### मुंबई में राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में शहर की नन्हीं नृत्यांगना रित्वी ने हासिल किया तीसरा स्थान



**बिलासपुर**, 21 सिंतबर (देशबन्धु)। अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ नागपुर के तत्वावधान में नृत्य अनुभूति ऑल इंडिया दसवां राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन 11 सितंबर से चार दिवसीय ब्राह्मणवाड़ा माटुंगा मुंबई में संपन्न हुई। जिसमे छत्तीसगढ़ बिलासपुर के शिव शक्ति कला संस्था से रित्वी नीरज चन्नावार ने प्रतिभागी के रूप में अपनी वहां नृत्य प्रस्तुति दी । बताया जाता है कि रित्वी नीरज चन्नावार 6 वर्ष की ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल की कक्षा 1 की छात्रा है जो की पिछले विगत 8 माह से नृत्य प्रशिक्षण ले रही है । उसने वहा कथक नृत्य माइनर कैटेगरी बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी जिसमें उसने पूरे भारत वर्ष से तीसरा स्थान प्राप्त किया । जिसका श्रेय इनकी नृत्य शिक्षिका सुश्री राधिका पाखी को जाता है । इस अवसर पर सभी परिवारजन एवं सभी स्कूल में हर्ष व्याप्त है यह बिलासपुर शहर के लिए बहुत ही गौरव की बात है।

### मोदी जन्मदिवस पखवाड़ा, युवा मोर्चा ने किया रक्तदान

**बिलासपुर,** 21 सिंतबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने की योजना बनाई गई है। जिसमे सामाजिक स्तर पर विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम किए जा रहे हैं केंद्र सरकार द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओं से हितग्राहियों को जोड़ने जैसे कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। इसी तारतम्य में आज युवा मोर्चा बिलासपुर द्वारा बिलासपुर सिम्स हॉस्पिटल में जिले के युवा कार्यकर्ताओं ने रक्त दान किए जिसमे कुल 52 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया।

इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने कहा है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्य कर रहे हैं उनके नेतृत्व में सरकार अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है वे हमारे लिए प्रेरणा पुरुष है उनकी संकल्प भावना से अभिभूत युवा आज देश और समाज का चिंतन कर रहे हैं।

अवसर पर युवाओं में उत्साह वर्धन करने पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, मस्तूरी विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, बेलतरा विधायक रजनीश कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डे सहित जिले के वरिष्ठ नेता पहुंचे।

# परिवर्तन यात्रा से परिवर्तन होना तय है - कौशिक



**बिलासपुर,** 21 सितंबर ( देशबन्धु) । पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली परिवर्तन यात्रा के द्वितिय चरण के तहत जी.पी.एम जिला के गौरेला में आयोजित आम सभा को संबोधित किये। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने इन पांच वर्षो में छत्तीसगढ़ में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व तुष्टीकरण किया है। कांग्रेस पार्टी के पास भ्रष्टाचार एवं घोटालों के सिवाय जनता को देने के लिए कुछ नहीं है। पिछले चुनाव के पहले कांग्रेस के द्वारा जो घोषणा पत्र बनाई गयी जिसमें न उन्होंने जनता के बारे में सोचा न प्रदेश के लिये सोचा उनका उद्देश्य केवल यह था कि सत्ता में आना है और कैसे भी करके सरकार बनाना है जो घोषणा पत्र जारी किया गया है उसमें यदि 5 सालों के बाद आज हम देखेंगे तो अधिकांश बिन्दु केवल कागजों में पढ़े हुए है। कांग्रेस की इस सरकार ने इन पांच सालों में जनता को छलने एवं उन्हें अपमानित करने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी है इनका भ्रष्टाचार, अराजकता, अन्याय की प्रायोजक बन गई है। यह परिवर्तन यात्रा इस कुशासन से प्रदेश को मुक्त कराने के लिए जनता-जर्नादन का शंखनाद है और निश्चित ही इस परिवर्तन यात्रा से छत्तीसगढ़ में परिवर्तन होना तय है।पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रदेश की जनता को वादे पूरे करने वाली सरकार चाहिए। वादाखिलाफी करने वाली नहीं यह पहली ऐसी सरकार है जिन्होंने घोटाला करने में बेजुबान गायों को भी नहीं छोड़ा है, प्रदेश में तरह-तरह के घोटाले किये जा रहे। एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे भारत देश को गौरन्वित करने के लिये नए-नए विकास कर रहे है, भारत को विश्व गुरू बनाने अग्रसर है और दुसरी तरह प्रदेश की कांग्रेस सरकार है जिन्होंने अपने फायदे के लिये प्रदेश के 12 लाख लोगों के सर से छत छीन कर बैठी है, उन्हें लाल टेन युग पर ढ़केल रही है, प्रदेश में आज अपराधी फर्स्ट गेयर पर चल रहे है और प्रदेश सरकार रिवर्स गेयर पर, सत्ता में आने के 10 दिन बाद शराबबंदी करने वाले 2 हजार करोड़ रू के शराब घोटला कर रहे हैं।

# निगम कर्मचारियों के साथ शहरवासियों को भी रखना होगा स्वच्छता का ध्यान- महापौर



## जोन क्रमांक-6 में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**बिलासपुर,** 21 सितंबर ( देशबन्धु) । नगर निगम के सफाई कर्मी शहर को स्वच्छ रखने अपनी भूमिका निभा रहे है। कर्मी अलग-अलग शिफ्ट में शहर सहित वार्डों की सफाई कर रहे हैं। शहर के चारों ओर स्वच्छता बनाए रखने में वार्डवासियों को भी सफाई पर ध्यान देना जरूरी है। तभी हमारा शहर स्वच्छता रैकिंग में उंचे पायदान में आ पाएगा।

उक्त बातें महापौर रामशरण यादव ने जोन क्रमांक-6 में आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में स्वच्छता दीदीयों ने 110 लोगों का स्वस्थ परीक्षण किया। महापौर रामशरण यादव ने नगर निगम के कर्मचारियों व सफाई कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि शहर की सफाई में आप लोगों का महत्वपूर्ण योगदान है। आपके सहयोग से ही आज शहर के चारों तरफ स्वच्छता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह नगर निगम के कर्मी 24 घंटे सफाई करते हैं। उसी तरह नगरवासी अपनी जिम्मेदारी समझकर अपने-अपने वार्डों में स्वच्छता बनाएं रखें तो हमें अपनी खोई हुई रैंकिक हासिल करने में परेशानी नहीं होगी। मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व बिलासपुर नगर निगम स्वच्छता रैंकिक में पहले स्थान पर रही। कार्यक्रम के दौरान जोन क्रमांक-6 जोन कमिश्नर रमेश पाण्डेय, एमआईसी सदस्य परदेशी राज, अजय यादव, पार्षद लक्ष्मी यादव, सब इंजीनियर चंद्रशेखर साहू, राजेन्द्र पाण्डेय सहित वाहिदा खान, धनेश्वरी गुलेरी, निगम सुपर वाईजर सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे।

# ऑटोमैटिक सिग्नल के चलते कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

## बिलासपुर मंडल के जयरामनगर, लटिया और अकलतरा में ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली का कार्य

## ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली होने के बाद इस सेक्शन में एक साथ कई ट्रेनों का किया जा सकेगा परिचालन

बिलासपुर, 21 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत जयरामनगर, लटिया और अकलतरा में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम का कार्य किया जायेगा । यह कार्य दिनांक 22 एवं 23 सितम्बर को किया जायेगा । इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली रेल परिचालन की सिग्नलिंग व्यवस्था में आधुनिकतम प्रणाली है । इस प्रणाली को विभिन्न सेक्शनों में चरण बद्ध तरीके से लगाया जा रहा है । इस प्रणाली के लागू होने से एक ही सेक्शन में कई गाड़ियो को थोड़े अंतराल पर ही चलाया जा सकेता है जिससे सेक्शनों की परिचालन क्षमता बढ़ जाती है एवं एक ही समय में कई ट्रेनों को थोड़े अंतराल से चलाया जा सकता है । इस सिस्टम में वर्तमान आधारभूत संरचना के साथ रेलवे लाइन की क्षमता बढ़ जाएगी। इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाड़ियों को रद्द किया जा रहा है, जिसकी जानकारी इस प्रकार है।

### रद्द होने वाली गाडियां

22 एवं 23 सितम्बर को बिलासपुर से चलने वाली 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 22 एवं 23 सितम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 23 एवं 23 सितम्बर को बिलासपुर से चलने वाली 08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 23 एवं 24 सितम्बर को रायगढ़ से चलने वाली 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 22 एवं 23 सितम्बर को बिलासपुर से चलने वाली 08732 बिलासपुर-कोरबा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 22 एवं 23 सितम्बर, को कोरबा से चलने वाली 08731 कोरबा-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

22 एवं 23 सितम्बर, को बिलासपुर से चलने वाली 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 22 एवं 23 सितम्बर को गेवरा रोड से चलने वाली 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।




## रेल रोको आंदोलन कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों में हुये कुड़मी रेल रोको आंदोलन के फलस्वरूप रैक अनुपलब्धता के कारण निम्न गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा । विवरण इस प्रकार है।

### रद्द रहने वाली गाडियां

22 सितम्बर को सीएसएमटी से चलने वाली 12809 सीएसएमटी-हावड़ा मेल रद्द रहेगी। 22 सितम्बर को एलटीटी से चलने वाली 12101 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 22 सितम्बर को एलटीटी से चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 21 सितम्बर को टाटानगर से चलने वाली 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 22 सितम्बर को राजेंद्र नगर से चलने वाली 13288 राजेंद्रनगर-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## हिन्दी प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन

**बिलासपुर** , 21 सितम्बर ( देशबन्धु) । बिलासपुर मंडल में 14 सितम्बर से 29 सितम्बर तक राजभाषा पखवाड़ा मनाया जा रहा है । पखवाड़े के दौरान मंडल रेल प्रबंधक श्री प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने से संबन्धित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है ।इसी कड़ी में आज अपरान्ह में अधिकारियों हेतु हिंदी प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । इस प्रतियोगिता में अपर मंडल रेल प्रबंधक श्री देवराज एवं योगेश कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे । प्रतियोगिता में राजभाषा हिन्दी तथा सामान्य ज्ञान से संबन्धित प्रश्नों को शामिल कर प्रतियोगिता को रोचक बनाया गया । इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार राकेश सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक, द्वितीय पुरस्कार दिनेश सिंह तोमर, सामग्री प्रबंधक को प्राप्त हुआ ।

## ऊर्जाधानी में गणेशोत्सव की धूम


मुरली बजाते मनमोहक मुद्रा में चौहान मोहल्ला में विराजे गणेश


शेर की सवारी करते गणपति, पुराना कोआपरेटिव बैंक पुरानी बस्ती


अग्रसेन चौक का राजा


वेंकटेश्वर गणेश के स्वरूप में दर्शन देते हुए, पॉवर हाऊस रोड

# छग में बीजेपी की सरकार गरीब कल्याण योजना से जीवन स्तर ऊंचा उठाएगी-पाठक

### उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ने कहा-सडक़ के पैसों से कांग्रेस के नेताओं का विकास हुआ




**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण योजना का एक-एक व्यक्ति को लाभ देकर उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ के लिए जो रूपरेखा तैयार की थी उसको पूरी तरह से ध्वस्त करने का काम मौजूदा कांग्रेस सरकार ने किया है लेकिन भाजपा की सरकार पीएम मोदी के मार्गदर्शन में विकास करेगी। इसके लिए डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बनाएं।

यह बातें भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा छत्तीसगढ़ में निकाली जा रही है और जिस तरह से इस यात्रा के साथ हर वर्ग के लोग जुड़ रहे हैं उससे इस चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बन रही है। छत्तीसगढ़ में गरीब आदिवासी, किसान का कोई सुनने वाला नहीं है। रायगढ़ से कोरबा जिला आने के दौरान सडक़ों की दुर्दशा देखने को मिली जो पूरी तरह से टूट रहे हैं। 5 वर्ष में इन्फ्रास्ट्रक्चर को ध्वस्त करने का काम इस सरकार ने किया है। सडक़ के पैसों से कांग्रेस के नेताओं का विकास हुआ है। मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे क्यों नहीं बना? प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना भेजी लेकिन काम नहीं हुआ। 16 लाख निशुल्क आवास नहीं बनाए गए। भूपेश सरकार की अकर्मण्यता की वजह से ऐसा हुआ है। ईडब्ल्यूएस की जमीन पर कब्जा करके अपना मकान बनाने का काम कर रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश में भाजपा ने दिया भयमुक्त वातावरण

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने महिलाओं से किया वादा पूरा नहीं किया। छत्तीसगढ़ की मां-बेटी को 500 रुपए देने का भी वादा नहीं निभाया। शराबबंदी का वो वादा कहां गया, युवाओं को नशे की लत का आदी बनाया जा रहा है, बेरोजगारी का जाल बुना गया है। छत्तीसगढ़ में पूरी तरह से अपराधियों का बोलबाला है, दंगे हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार से पहले 1000 से अधिक दंगे होते थे, अधिकारी भय के माहौल में काम करते थे लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद भयमुक्त वातावरण है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने वाली है। दलित कल्याण योजना को छत्तीसगढ़ में क्रियान्वित कर आदिवासियों, किसानों, बेरोजगारों को मुख्य धारा में लाकर उनका विकास करेंगे। लोगों का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए गरीब कल्याण योजना को धरातल पर क्रियान्वित किया जाएगा। पत्रवार्ता में प्रदेश प्रभारी श्यामबिहारी जायसवाल, सह प्रभारी गोपाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष व कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन, जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जोगेश लाम्बा, कोषाध्यक्ष गोपाल मोदी, नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## जंगल में फंदे पर मिली लाश, डूबकर वृद्ध की मौत

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में हुई दो घटनाओं में एक ग्रामीण और एक वृद्ध की मौत हो गई है।

जानकारी के अनुसार मामला बालको थाना क्षेत्र के भटगांव का है। रामकुमार पिता गोप सिंह बीती रात अपने परिवार के साथ था और सुबह घर से गायब मिला। वह रोज तडक़े दिशा मैदान के लिए नदी की तरफ जाता था इसलिए घरवालों को चिंता नही हुई लेकिन उस वक्त गांव में सनसनी फ़ैल गई जब पास के जंगल में पेड़ पर रामकुमार को फंदे पर लटका हुआ देखा गया। लकड़ी लेने जा रही महिलाओं की नजर उस पर पड़ी तो बात अन्य लोगों तक पहुंची। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया गया कि रामकुमार के पांच बच्चे हैं। वह कृषि कार्य करता था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा। दूसरी घटना में बांगो थाना अन्तर्गत ग्राम घुमानीडांड में वृद्ध की मौत हो गई। शौच करने गया समरत सिंह 84 वर्ष अपने पास रखे डेकची में पानी लेते वक्त गिर पड़ा और डूबने से मौत हो गई। ग्राम कोटवार तुलसीदास ने बांगो थाना को सुचना दी। पुलिस ने शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## परिवर्तन यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत




**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली जा रही है। राज्य भर में निकाली गई यह परिवर्तन यात्रा आज कोरबा जिले में प्रवेश हुई। पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के पसान पहुंचने पर परिवर्तन यात्रा का भाजपाईयों ने भव्य स्वागत किया। परिवर्तन यात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक प्रमुख रूप से शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री श्री सोमप्रकाश भी परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। वरिष्ठ नेता पुन्नूलाल मोहले की भी उपस्थिति रही। ग्राम लैंगा में आम सभा के बाद ग्राम बिंझरा में स्वागत हुआ। कटघोरा विधानसभा के कसनिया में स्वागत एवं मीना बाजार में आमसभा आयोजित हुई। इसके पश्चात छुरी होते हुए विधानसभा कोरबा क्षेत्र के दर्री में पहुंचने पर स्वागत किया गया। घंटाघर मैदान में विशाल आमसभा को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के द्वारा संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने और कोरबा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन को भारी मतों से जिताने की अपील की गई। परिवर्तन यात्रा व आमसभाओं में जिले के पदाधिकारियों सहित संगठन के भी पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों से अभद्र व्यवहार, सहायक शिक्षक निलंबित

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छात्र-छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने, अपशब्दों का प्रयोग करने तथा मारपीट करने की शिकायत पर जांच में आरोपों को सही पाया गया। इसके फलस्वरूप सहायक शिक्षक किशोर कुमार सोनी को निलंबित कर मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पोड़ी-उपरोड़ा नियत किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी निलंबन आदेश के अनुसार पोड़ी-उपरोड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम डंगनिया हरदीपारा के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला डंगनिया के सहायक शिक्षक किशोर कुमार सोनी के विरूद्ध गंभीर शिकायतें की थी। इसकी जांच सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी से कराई गई। जांच प्रतिवेदन में सभी आरोप सही पाए गए। सहायक शिक्षक का कृत्य कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं अनुशासनहीनता पूर्ण होने तथा छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने के कारण छग सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 तथा नियम 10 के तहत निलंबित किया गया है।

## मतदान केन्द्रों के भवन, स्थल व नाम परिवर्तन का प्रस्ताव

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार की अध्यक्षता में आज राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को विधानसभावार मतदानकेन्द्रों की जानकारी से अवगत कराया गया।

विधान सभा निर्वाचन 2023 के लिए विधान सभावार मतदान केन्द्रों के भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन, एवं नाम परिवर्तन का प्रस्ताव भिजवाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। कोरबा जिले के विधान सभा 20- रामपुर, 21- कोरबा, 22- कटघोरा, एवं 23 पालीतानाखार के कुल 1080 मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन विधान सभा निर्वाचन हेतु नियुक्त सेक्टर ऑफिसर द्वारा किया जाकर प्रतिवेदन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 20- रामपुर, 21- कोरबा, 22 कटघोरा एवं 23 - पाली तानाखार के द्वारा संकलित किया जाकर निर्धारित प्रारूप में जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसमें रामपुर विधानसभा अंतर्गत भवन परिवर्तन की संख्या 6,नाम परिवर्तन की संख्या 10, विधानसभा कोरबा अंतर्गत भवन परिवर्तन की संख्या 9, स्थल परिवर्तन की संख्या 8 और नाम परिवर्तन की संख्या 6 है।

## शोषण के खिलाफ लड़ते हुए जेल जाने वालों का किया सम्मान

**कोरबा**, 21 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी लक्ष्मण वन ब्रांच एवं भारतीय राष्ट्रीय महिला फेडरेशन ब्रांच लक्ष्मण वन का सम्मेलन आशमती की अध्यक्षता में किया गया। शोषण व अन्याय के खिलाफ लड़ते हुए कई बार जेल गए फूलबाई कश्यप, लक्ष्मी यादव, केवड़ा बाई, कुशल यादव, जगर बाई चौहान, आशमती यादव, सुमित्रा बरेठ, महेतरु चौहान, तील बाई यादव, तुलसी वर्मा, हेमा चौहान, किरण चौहान, सुनीता यादव, केवरा बाई, राम मूर्ति दुबे का शॉल व श्रीफल से स्वागत किया गया। इसके बाद भाकपा ब्रांच लक्ष्मण वन के पदाधिकारी चुने गए। सचिव हेमा चौहान, सहायक सचिव सुशील यादव, सहसचिव सुमन श्रीवास, कोषाध्यक्ष किरण चौहान, महिला फेडरेशन ब्रांच लक्ष्मण वन की अध्यक्ष मीना यादव, उपाध्यक्ष सुशील यादव, सचिव सुनीता यादव, सहसचिव लता यादव, कोषाध्याय केवरा यादव को बनाया गया। जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि हम सबको मिलकर एक बेहतर समाज, बेहतर शिक्षा, बेहतर चिकित्सा के लिए काम करना है। पार्टी का उद्देश्य वन नेशन वन एजुकेशन जन-जन तक पहुंचना है। बैठक में अजय कश्यप, शकुंतला केंवट, रजनी केंवट, सरिता सिदार, सुशीला, खेल भाई यादव, मनीष चौहान, कुशाल भाई यादव, रामपति केसरी, गीता यादव, शिवकुमारी साहू, भानमति श्रीवास, केवरा बाई यादव, कैलाश यादव, लता, मीना, फेकन यादव आदि उपस्थित थे।

## स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध युवा स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक- बोपापुरकर

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। केएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्ध युवा स्वस्थ समाज के निर्माण में सहायक हो सकते हैं। स्वच्छता सद्व्यवहार बने ऐसी प्रेरणा युवा अपने कार्यों से समाज को दें जिसकी आज अत्यंत आवश्यकता है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा महाविद्यालय परिसर तथा अध्यापन कक्षों की सफाई हेतु अभियान वाय.के. तिवारी तथा कार्यक्रम अधिकारी जीएम उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। घनश्याम साहू, मनीष चंद्र, शताब्दी राय, चमन पटेल ,स्पर्श गोस्वामी, विशाल कुमार, सन्नी राव जगताप आदि स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संस्था परिसरों, गोदग्राम, पार्कों, नदी, सरोवर, सार्वजनिक स्थानों में रैली, नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़ों के थैली उपयोग करने हेतु अभियान जारी है। प्राचार्य ने सभी स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने शपथ दिलाई। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. एस.सी तिवारी, वाणिज्य विभाग के सहायक अध्यापक ए.के सोनी के अलावा देवांश कुमार सविता यादव,आकांक्षा श्रीवास आदि स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## महिला भू-विस्थापित से बदसलूकी का अधिकारी पर आरोप

कोरबा-कुसमुंडा, 21 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित ग्राम बरकुटा की महिला भू-विस्थापित ने प्रोजेक्ट महाप्रबंधक राजीव सिंह पर बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़िता मीना बाई पिता स्व. धजा राम ग्राम बरकुटा ने बताया कि वर्ष 1993-94 में गांव का अर्जन होने से उसके पिता की जमीन अधिग्रहण की गई लेकिन उसके एवज में रोजगार एवं उचित पुनर्वास आज तक नहीं मिला है। 6 एकड़ पैतृक कृषि भूमि के एवज में नौकरी की मांग करते हुए मीना बाई खदान में धरने पर जाकर बैठ गई यहां तमतमाते हुए पहुंचे प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव सिंह ने मीना बाई का हाथ खींचते हुए बलपूर्वक अपनी गाड़ी में पुरूष सुरक्षा गार्ड की मदद से खींचकर बिठाया। कुसमुंडा थाना ले जाकर छोड़ दिया और वहां दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक बिठाकर रखा गया। पीड़िता ने शासन-प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## जिला जेल पर गिरी बिजली, जनहानि नहीं लेकिन बड़ा नुकसान

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। जिला जेल पर आकाशीय बिजली का कहर बरपा है। पिछले दो वर्षों के दौरान पांच से अधिक बार जेल परिसर व उसके आसपास आकाशीय बिजली गिर चुकी है जिससे कई बार नुकसान हो चुका है। अभी 3 दिन पहले ही 18 सितम्बर को फिर से जिला जेल परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से जेल की सुरक्षा में लगे लगभग 20 से अधिक सीसीटीवी कैमरा व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उड़ गए। इससे जेल प्रबंधन को लाखों का नुकसान हुआ है।




जिला जेल परिसर में बिजली गिरने की घटना में राहत की बात यह रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई जबकि जिला जेल में इस समय 242 बंदी निरूद्ध हैं। बिजली गिरने के कारण सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्षतिग्रस्त हो गए वहीं एक टीवी भी खराब हुआ है और 2 पेड़ भी जल गए। जेलर विजयानंद सिंह ने बताया कि प्रबंधन के द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। जिला जेल में तड़ित चालक लगाया गया था जो खराब हो चुका है और यहां नए तड़ित चालक लगाने के लिए प्रस्ताव लंबित है। यदि स्वीकृति मिली तो निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में जेल परिसर में नया तड़ित चालक लगेगा तब जाकर जेल की प्राकृतिक कहर से पूरी तरह से सुरक्षित हो सकेगी अन्यथा ऐसी स्थिति बार-बार निर्मित होती रहेगी और जान-माल का खतरा बना रहेगा।

## सर्वमंगला-कुसमुंडा-इमलीछापर मार्ग में बेतरतीब खड़े वाहनों पर कार्यवाही

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा शशिकांत कुर्रे के नेतृत्व में सर्वमंगला-कुसमुंडा-इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती, हेतु तहसीलदार दर्री कोरबा और कुसमुंडा थाने की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही की गई। आरटीओ कोरबा श्री कुर्रे ने बताया कि इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सडक़ में बेतरतीब खड़े, यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले 83 भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 61,300 रूपए शास्ति राशि वसूल की गई। साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने व सडक़ पर जाम न लगाने की समझाईश भी दी गई। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूक्ष्म उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम के लिए हितग्राहियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना में सभी प्रकार के खाद्य सामग्री उदाहरण के तौर पर वनोपज पर आधारित निर्मित उत्पाद, चना-मुर्रा, भुजिया, पेठा, पापड़, आचार, बड़ी नमकीन, मिक्चर, बेकरी का निर्माण, राईस मिल, कोदो मिल, पोहा मिल, आटा चक्की, मसाला उद्योग इत्यादि को योजना के तहत् लाभ प्रदान किया जाएगा।

योजनांतर्गत आवेदन के लिए उद्यमी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं उद्यमी का अंशदान होगा। उद्यमियों को परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता होगी। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, पेनकार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक के साथ आवेदन करें। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा (छग) में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। इसमें हितग्राहियों को वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कोरबा ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण एकल उद्यमी, एफपीओ, स्वसहायता समूह एवं सहकारिता को बैंक के माध्यम से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी दिया जाना है, जिसके तहत् नवीन एवं मौजूदा दोनों उद्यमी को पात्र परियोजना लागत की 35 प्रतिशत की दर से क्रेडिट लिक्ड पूंजी सब्सिडी परंतु अधिकतम 10 लाख रूपए दिये जाने का प्रावधान है। हितग्राही का स्वयं का योगदान 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक से ऋण दिया जाएगा।

## तंबाकू उत्पादों के नियंत्रण के लिए अधिनियमों की दी गई जानकारी

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी के दिशा-निर्देश एवं ब्लूमबर्ग परियोजना अंतर्गत द यूनियन तकनीकी सहयोगी संस्था के सहयोग से विभागीय नोडल अधिकारी एवं गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, नगर निगम, शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग, श्रम विभाग सहित, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



जिला सलाहकार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. मानसी जायसवाल ने राज्य व जिला स्तर पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि समस्त विभागों में नोडल अधिकारियों का चयन किया गया है। लगभग 17 विभागीय कार्यालय को तंबाकू नियुक्त घोषित किया गया है। जिले में पुलिस विभाग के समस्त थाना एवं चौकी को तंबाकू मुक्त घोषित किए गए हैं। इसी प्रकार उन्होंने शैक्षणिक संस्थान को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 400 से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान की घोषित किया जा चुका है। साथ ही नियमों के उल्लंघन करने वालों पर बेहतर ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु गठित प्रवर्तन दल का साप्ताहिक तौर पर दौरा सुनिश्चित किया गया है। कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, म्युनिसिपल एक्ट रेलवे एक्ट अधिनियम सहित अन्य विभागों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रावधान के बारे में भी जानकारी दी गई।

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर 908 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कोरबा,** 21 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगई के मार्गदर्शन में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 2 स्थान इंदिरा स्टेडियम टीपी नगर में आयोजित किया गया। शिविर में सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदीयों, एवं उनके परिवारजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें कुल ओपीडी के 908, पुरुष 106, महिला 695, बच्चें 107, ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया, 827 लोगों को दवाई वितरण किया गया। 454 का लैब टेस्ट कर उन्हें टेस्ट रिपोर्ट प्रदान किया गया एवं शासन की योजनाओं से भी उनको अवगत कराया गया जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, मितान योजना.स्वास्थ्य बीमा योजना इत्यादि शामिल हैं। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में कुल 908 सफाई मित्र, स्वच्छता दीदीयो एवं उनके परिवार के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, क्षेत्रीय योजना प्रबंधक (मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना) सुश्री गायत्री केवट, सुश्री नेहा कश्यप, शाहनवाज शेख, भुवनेश्वर देवांगन, डॉ. शुभम अग्रवाल, जागृति खूंटे एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक गौरव सिंह, धनमोहन रात्रे एवं निगम के कर्मचारी व अधिकारी गण मौजूद रहे।



### शिविर में पहुंचे कालेज के छात्र-छात्राएं

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के शासकीय पीजी महाविद्यालय कोरबा के 3 छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापक आसमा सिंह,कल्पना कंवर, मधु सिंह, श्रद्धा सिंह, चंचल साहू, ने इंदिरा स्टेडियम टीपी नगर में पहुंचकर सफाई मित्र सुरक्षा शिविर मे स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया। महाविद्यालय के प्राचार्य व प्राध्यापक ने नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की।

# सार-संक्षेप

## मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न स्थानों पर फ्लैश मॉब सहित अन्य गतिविधियों का हुआ आयोजन

**अम्बिकापुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत् बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरूवार को सरस्वती बी.एड.कॉलेज अम्बिकापुर के छात्र-छात्राओं के द्वारा बनारस रोड में संगम डेली नीड्स माणिकचन्द्र मार्केटिंग के पास लगे गणेश पंडाल के पास फ्लैश मोब का आयोजन किया गया, जिसमें शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को शत- प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में स्वीप सहायक नोडल श्री गिरीश गुप्ता, जन शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर एम. सिद्धिकी, सरस्वती कॉलेज की प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापक, स्वीप के समस्त कर्मचारी एवं व्यापारी गण सम्मिलित थे। इसके साथ ही होली क्रॉस हायर सेकेंडरी हिन्दी मीडियम विद्यालय में छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदादाओं को जागरुक किया गया। जिसमें होली क्रॉस विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं स्वीप के कर्मचारी उपस्थित थे।

## हैंडपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा हेतु उड़नदस्ता दल गठित तथा पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक किए गए नियुक्त

**अम्बिकापुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 24 सितंबर 2023 को हैंडपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा 2023 का आयोजन पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की गई है। उक्त परीक्षा जिले के 07 परीक्षा केन्द्रों में संचालित की जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन, अनैतिक कार्यों/नकल आदि रोकने हेतु उड़नदस्ता दल तथा परीक्षा संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार परीक्षा केन्द्र राजीव गांधी पीजी कॉलेज हेतु लोक निर्माण विभाग के उप अभियंता श्री पुरंजन सिदार, राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय हेतु पशु चिकित्सा सेवा विभाग के उप संचालक श्री बीपी सतनामी, शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज हेतु श्रम पदाधिकारी श्री नीतेश विश्वकर्मा, शासकीय मल्टीपरपज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता श्री राजेन्द्र प्रसाद कुटार,शासकीय नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु फॉरेस्ट एसडीओ श्री विजेन्द्र सिंह, विवेकानंद विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु क्रेडा के उप अभियंता श्री जेआर शेडे व सरस्वती शिशु मंदिर हेतु जिला अंत्यावसायी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस तिग्गा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा के सफल संचालन, अनैतिक कार्यों,नकल आदि रोकने हेतु उड़नदस्ता दल गठित किया गया है, जिसमें तहसीलदार अम्बिकापुर श्री उमेश्वर सिंह बाज, नायब तहसीलदार अम्बिकापुर श्री निखिल श्रीवास्तव एवं श्री कमलेश कुमार मिरी शामिल है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला मोबाईल, अब असानी से पोषण ट्रेकर एप्प में होगी एन्ट्री

**सूरजपुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को समय की मांग अनुसार सूचना प्रोद्योगिकी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर के समस्त कार्यों को ऑनलाईन प्रविष्टि करने के उद्देश्य से पोषण ट्रेकर एप्प विकसित किया गया है। इस एप्प के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर संधारित समस्त पंजीयों को समाप्त कर केन्द्र की समस्त जानकारी ऑनलाईन किये जाने के उद्देश्य से संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मोबाईल फोन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त अनुक्रम में भटगांव विधान सभा अंतर्गत क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा सिलफिली परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अनुजनगर में परियोजना सिलफिली के कार्यकर्ताओं को मोबाइल वितरण किया गया। इस अवसर पर गोर्वधन सिंह, ओमप्रकाश रोहन राजवाड़े, अयोध्या जायसवाल, अर्जुन देवांगन, प्रेम राजवाड़े, आनंद चौधरी, मुन्नु सिंह, बाबुलाल राजवाड़े जी, जगनन्दन राजवाड़े, रविशंकर जायसवाल, जैनुल अंसारी, परियोजना अधिकारी सिलफिली, समस्त पर्यवेक्षक, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, विभागीय अमला एवं बड़ी संख्या में आम जन मानस उपस्थित रहें।

## तीन दिवसीय संभागस्तरीय छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक का शानदार समापन

अम्बिकापुर 21 सितंबर (देशबन्धु)। तीन दिवसीय संभागस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के समापन समारोह का आयोजन गुरुवार को हुआ। इन तीन दिनों में संभाग के सभी छह जिलों से खिलाड़ियों ने जी-जान लगाकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब संभाग स्तर पर विजेता खिलाड़ी 25 सितंबर को आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीस सूत्रीय कार्यान्वयन कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल से आज छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को पुन: पहचान मिली है। उन्होंने खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि खेल के लिए अनुशासन अत्यंत आवश्यक है, अनुशासन व्यक्ति को आगे बढ़ाता है। अपने माता-पिता, गुरुजनों को सम्मान करें और जीवन में आगे बढे। राज्य मदरसा बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री इरफान सिद्दीकी ने भी खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी तथा राज्य स्तरीय खेल के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सम्भाग स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सम्भाग के सभी छ: जिलों से आए खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जिन खिलाड़ियों को जीत नहीं मिली है, वे निराश ना हों और निरंतर प्रयास करते रहें।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ तेल घानी बोर्ड के सदस्य श्री लक्ष्मी गुप्ता, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण के सदस्य श्री अभिषेक सिंह, छत्तीसगढ़ कृषक कल्याण बोर्ड के सदस्य श्री संजय गुप्ता, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत सीईओ श्री नूतन कुमार कंवर, एसडीएम अंबिकापुर, तहसीलदार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे। समापन समारोह के साथ ही संखली, कबड्डी, खो-खो, बाटी(कंचा), भंवरा खेल आयोजित हुए। पूरे आयोजन के दौरान संभाग के सभी छ: जिलों सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, एमसीबी, कोरिया से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। सभी आयुवर्गों में महिला तथा पुरुष खिलाड़ियों ने जीत के लिए ज़ोर लगाया। विजेता खिलाड़ियों में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी अब 25 सितम्बर से शुरू होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा खो-खो खेल के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

# कांग्रेस ने घर-घर शराब परोसने का काम किया- बृजमोहन



**चिरमिरी** 21 सितंबर (देशबन्धु)। जशपुर से प्रारंभ हुई दूसरी परिवर्तन यात्रा का आगमन मनेंद्रगढ़ विधानसभा के चिरमिरी में हुआ। डोमनहिल के अमर कुंज ग्राउंड में आयोजित आमसभा में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के कद्दावर नेता बृजमोहन अग्रवाल ने सभा से कांग्रेस सरकार की कमियों को गिनाई। भाजपा नेता श्री अग्रवाल ने परिवर्तन यात्रा के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि यह यात्रा कांग्रेस शासन की भ्रष्टाचार को उजागर करने के साथ क्षेत्र की जनता का विश्वास हासिल करने के लिए आयोजित की गई है। निगम क्षेत्र होने के बाद भी इस क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर है क्या कोयला, कबाड़ चोरी, शराब की दलाली से विकास संभव है?

जनता की सेवा हमारा मुख्य उद्देश्य है उन्होंने कांग्रेस सरकार को आडे हाथ से लेते हुए कहा कि पौने पांच साल में कांग्रेस ने सिर्फ घर-घर दारू पहुंचने का काम किया है शराब के घोटाले में एक वर्ष में 21 सौ करोड़ का घोटाला हुआ है तो आप खुद जान सकते हैं की 5 वर्षों में कितना हुआ होगा। प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में शराब बंद करने की घोषणा की थी पर जनता का विश्वास हासिल करने के बाद तो सरकार ने शराब बंद करने की जगह कोरोना काल में ऑनलाइन घर-घर शराब पहुंचाने की सेवा शुरू कर दी। सरकारी भर्ती में मंत्री सरकारी अधिकारी के बेटा बेटी को डिप्टी कलेक्टर बनाकर नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली पार्टी कांग्रेस है जिसे बदलना है। परिवर्तन यात्रा का सर्वप्रथम दुबछोला चौक में भव्य स्वागत भाजपा खड़गवां मंडल, भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा डोमनहिल सभा स्थल तक विशाल हजारों की संख्या में बाइक रैली का आयोजन कर परिवर्तन यात्रा को गगन भेदी नारो के साथ डोमनहिल ग्राउंड तक लाया गया। डोमनहिल में आयोजित विशाल आम सभा में स्वागत उद्बोधन में पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने सत्ताधारी विधायक को कोयला कबाड़ शराब दलाली में संलिप्त है सम्पूर्ण क्षेत्र के आवश्यक जनसुविधा के कामों को करने में यहा के कांग्रेस विधायक विफल रहे है, चारो ओर केवल लूट खसोट करने में यहाँ के कांग्रेसी विधायक व्यस्त है। उन्होंने कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचार से परिपूर्ण बताया तथा सत्ता परिवर्तन का आह्वान किया।

कांग्रेस ने पूरे प्रदेश को लूटने का पाप किया है - परिवर्तन यात्रा में शामिल भाजपा प्रदेश महामंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार रेत सीमेंट कोयला शराब व्यापम जमीनी माफिया राज स्थापित किया है छत्तीसगढ़ में गांधी परिवार का एटीएम का पाप कांग्रेस ने ही किया है ऐसा कोई सगा नहीं जिसको कांग्रेस ने दगा नहीं इस सरकार को बदलना ही परिवर्तन यात्रा का उद्देश्य है 16 लाख गरीबों के घर को रोकने का काम 5 इसी सरकार ने किया प्रदेश के युवाओं को यदि पांच साल तक बेरोजगारी भत्ता देते तो युवा को डेढ़ लाख मिलता व्यापम में माफिया को घुसा दिया गया जहां अधिकारी बनने की चाह एवं अपने बच्चों के जीवन में शिक्षा के माध्यम से बदलाव लाने की कामना करते मां-बाप के अरमानों का इस सरकार ने गला घोट है गरीब किसान के बच्चे को मां बाप अपनी जमीन बेचकर रायपुर पढ़ने को भेजते हैं पर माफिया के लोग व्यापम में सिलेक्ट होते हैं।

## पशु सखियों और बीमा सखियों द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय

# शासन की योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने इनकी भूमिका महत्वपूर्ण - कलेक्टर

### 135 पशु सखियों और 02 बीमा सखियों का किया गया सम्मान

**अम्बिकापुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत कार्यरत पशु सखियों एवं बीमा सखियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसके साथ ही पशु सखी उद्यमियों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

जिले में 550 से ज्यादा पशु सखी कार्यरत हैं, जिनमें से बेहतर कार्य करने वाली 135 पशु सखियों को आज सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री कुंदन ने उपस्थित महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पशु सखियों द्वारा किया जा रहा यह सेवा कार्य बहुत ही सराहनीय है।इसी प्रकार बीमा सखियों के द्वारा लोगों के बीमा सम्बन्धी कार्य आसानी से हो रहे हैं। शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में पशु सखियों और बीमा सखियों की भूमिका महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इन योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं और लोगों को भी जागरूक करें। साथ ही रीपा में संचालित गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक समृद्धि की ओर आगे बढें। शासन की मदद से सभी अपने लिए आजीविका के साधन बनाएं और आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ अपने परिवार, समाज की प्रगति के लिए तत्पर रहें।

गौरतलब है कि पशु सखियों के द्वारा पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु टीकाकरण, पशु आवास प्रबंधन सम्बन्धी कार्य किया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा वृहद स्तर पर कार्य करने वाली महिलाओं का समय-समय पर अभिसरण भी किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्रामीण स्तर पर ग्रामीणों को शासकीय बीमा योजनाओं से जोड़ने तथा बीमा क्लेम सेटलमेंट कराने के लिए बिहान योजना के द्वारा विभिन्न जनपद पंचायतों में 25 बीमा सखियों का चयन किया गया है। आज कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने 02 बीमा सखियों को भी सम्मानित किया। इस वित्तीय वर्ष में बीमा सखियों के द्वारा 29 व्यक्तियों का बीमा क्लेम बैंक में जमा कराया गया, जिसके विरुद्ध 13 व्यक्तियों का बीमा क्लेम सेटल हो चुका है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं हुईं सम्मानित

कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल, श्रीफल तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने पशु सखी अंजोला एक्का, निर्मला सिंह, नीतू सिंह तथा बीमा सखी तरसिला कुजूर, मोहर मनी कुजूर को सम्मानित किया। इसके साथ ही अन्य पशु सखियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं बीमा क्लेम प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को चेक का वितरण किया गया।

ग्राम तरागी से आयी पशु सखी श्रीमती फुलकेश पैकरा ने कलेक्टर श्री कुंदन कुमार को बताया कि पहले उन्हें इंजेक्शन से डर लगता था, प्रशिक्षण प्राप्त होने के बाद अब वे स्वयं पशुओं को इंजेक्शन लगाती हैं। इसी प्रकार बीमा सखी श्रीमती मोहर मनी कुजूर ने भी कलेक्टर को बीमा सखी के कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

### मतदाता जागरूकता हेतु दिलाई गई शपथ

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत कलेक्टर श्री कुंदन ने महिलाओं को शत प्रतिशत निर्वाचन की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर इसे मजबूत बनाने के लिए मतदान करना बेहद आवश्यक है। अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए आगामी निर्वाचन में मतदान अवश्य करें और देश व प्रदेश के प्रगति में अपना योगदान करें।






## कलेक्टर के मार्गदर्शन में पोषण माह और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अम्बिकापुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में स्थानीय विश्वकर्मा मंदिर अम्बिकापुर में बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से पोषण माह अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरला सिंह भी उपस्थित रहीं। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना के परियोजना अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में 28 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, 15 बच्चों का अन्नप्राशन तथा व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध में विभागीय अमले द्वारा जानकारी दी गई। इस दौरान स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। स्वीप सरगुजा टीम के द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नए मतदाताओं, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री जे.आर प्रधान द्वारा संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास अधिकारी शुभम बंसल, स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता, परियोजना अधिकारी गौरव सिंह गहरवार व नागरिक उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता रथ रवाना



**अम्बिकापुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार एवं महिला बाल विकास तथा स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष श्रीमती सरला सिंह द्वारा बुधवार को हरी झण्डी दिखाकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा पोषण रथ को रवाना किया गया। उक्त रथ जिले के सभी विकासखंडों में जाकर क्षेत्र के लोगों को सुपोषण के प्रति जागरूक करेगा तथा पोषण के पांच सूत्र- शिशु के सुनहरे 1000 दिवस, एनीमिया से रोकथाम, डायरिया का प्रबंधन, खाने में विविधता युक्त संतुलित आहार लेने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता व साफ-सफाई की आदत को व्यवहार में लाने हेतु प्रेरित करेगा।

गौरतलब है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से सितंबर 2023 में छठवां राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत पर केन्द्रित थीम के माध्यम से पोषण संबंधी समझ को बढ़ावा देना है। इसके अतिरिक्त जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 01 से 25 सितंबर तक वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिले के 2468 आंगनबाड़ी केन्द्रों को कलस्टर में विभाजित कर बच्चों का वजन उंचाई, लंबाई का मापन किया जा रहा है तथा गंभीर एवं मध्यम रूप से कुपोषित बच्चों का चिह्नांकन किया जा रहा है तथा पालको को बच्चें का पोषण रिपोर्ट कार्ड वितरण कर पोषण स्तर की सही सही जानकारी प्रदान की जा रही है ।

# महाविद्यालयीन संभाग स्तरीय क्लस्टर बैडमिंटन स्पर्धा शुरू

### सरगुजा अंचल के 22 महाविद्यालय के छात्रों ने लिया भाग



**सूरजपुर** 21 सितंबर (देशबन्धु)। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजित महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं की संभाग स्तरीय क्लस्टर लेबल की बैडमिंटन स्पर्धा का आगाज शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर के आतिथ्य में जनभागीदारी अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधी सुनील अग्रवाल व प्राचार्य डॉ.एच.एन. दुबे की उपस्थिति में हुआ।संभाग के 22 महाविद्यालयों के 102 खिलाड़ियों ने उक्त स्पर्धा में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। जिसमें जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया व एमसीबी जिले के खिलाड़ी अपने महाविद्यालय प्रबंधन के साथ प्रतियोगिता में शिरकत किया है।

महाविद्यालय परिसर स्थित स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के इंडोर बैडमिंटन हॉल में प्रारंभ हुई बैडमिंटन स्पर्धा में रेफरी सोमेश सिंह लांबा, शंकर सुमन, नीरज सिन्हा, सोनू खान, पकिल पाण्डेय, के द्वारा सभी महाविद्यालयों से आये प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मैच शैड्यूल बनाया गया और महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राहुल नीरज की अगुवाई में प्रतियोगिता का संचालन शुरू किया गया। उक्त प्रतियोगिता में सूरजपुर सहित बैकुण्ठपुर, अम्बिकापुर, लखनपुर, पत्थलगांव, सीतापुर, मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, पटना, सिलफिली, भैयाथान, बगीचा, कुनकुरी, प्रतापपुर, उदयपुर, सोनहत सहित 22 महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में शिरकत कर अपना दमखम दिखाया। इस दौरान आयोजित समारोह में महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ.रश्मि पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ मैच प्रारंभ हुए। स्पर्धा के दौरान महाविद्यालय प्रबंधन से प्रो.प्रतिभा कश्यप, सीबी मिश्रा, व्हीके झा, टीआर राहंगडाले, डॉ.चंदन कुमार, आनंद कुमार पैकरा, दीपचंद एक्का, अनिल कुमार चक्रधारी, सलीम किस्पोट्टा, बुधलाल साहू, नीरजा भगत के साथ कन्या महाविद्यालय से डॉ.विनोद साहू, बृजलाल साहू, संदीप सोनी, दिग्विजय सिंह, पुनित गुप्ता, रोहित कुमार सेठ, धनंजय पांडेय, पूजांजलि भगत, शिवानी पाण्डेय, वर्षा यादव व महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे। वहीं संभाग के महाविद्यालयों में अल्बिनस लकड़ा कुनकुरी, जॉन पीटर टोप्पो अम्बिकापुर, राजू राज कुजूर कुनकुरी, रजत सिंह अम्बिकापुर, राम कुमार भैयाथान, अमित रंजन तिग्गा पटना, डॉ.प्रदीप सिंह चिरमिरी, प्रभाकर स्वान अम्बिकापुर, धर्मराज यादव मनेन्द्रगढ़, तिलक राम टोप्पो अम्बिकापुर, पवन यादव पत्थलगांव, सर्वेश पाण्डेय व राजेश कुमार नायक अम्बिकापुर सहित पूरे संरगुजा अंचल के महाविद्यालयों से आये हुए महिला एवं पुरूष खिलाड़ी के साथ उनके क्रीड़ा अधिकारी, कोच, मैनेजर उपस्थित थे। क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में 57 छात्र व 45 छात्राओं ने अपनी प्रतिभा व दमखम दिखाते हुए मैचों में बेहतर प्रदर्शन किया।

# कलेक्टर ने गिरदावरी कार्यों का किया औचक निरीक्षण

- **खरीफ फसल की वस्तु स्थिति का लिया जायजा**
- **शत प्रतिशत त्रुटि रहित गिरदावरी करने के दिये निर्देश**



**एमसीबी** 21 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने फसलों की गिरदावरी कार्यों का भौतिक परीक्षण करने के उद्देश्य से आज जिले के विकासखंड मनेंद्रगढ़ के विभिन्न गांवों का दौरा किया। जिसके अंतर्गत वे भल्लौर, बेलबहरा, नागपुर, सेन्धा तथा हर्रा गांव पहुंचे थे। यहां कलेक्टर ने खेतों के बीच पहुंचने के लिए मेड़ पर राह तय की और खेतों के बीचों-बीच पहुंचकर धान की फसल की वस्तु स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम द्वारा तैयार किए गए गिरदावरी रिकॉर्ड का फसल के साथ मिलान किया। पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी की मौके पर पड़ताल की। उन्होंने उन खेतों का भी निरीक्षण किया जहां फसल नहीं लगाई गई है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को खसरा क्रमांक एवं वास्तविक रकबे में लगाए गए फसल का सही जानकारी दर्ज कर ऑनलाइन प्रविष्टि प्राथमिकता से करने के लिए कहा। उन्होंने नागपुर, सेन्धा तथा हर्रा गांव में चल रहे गिरदावरी कार्य की जमीनी हकीकत का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान कहा कि समर्थन मूल्य पर धान व मक्का खरीदी तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत रकबे के आधार पर किसानों को लाभ दिया जाता है। इसके लिए वास्तविक कृषक, उनके सही रकबे एवं उसमें लगाई गई फसल का सत्यापन होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मौके पर निर्देश किया कि धान की फसल की रकबे के साथ पड़ती भूमि के रकबा का चिह्नांकन किया जाए। गिरदावरी कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। कार्य में लापरवाही पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। अपने निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि हल्का पटवारी गांव-गांव में मौके पर जाकर गिरदावरी कार्य करें। गिरदावरी पष्चात गांव से पंचनामा तैयार कराये। इसके अलावा उन्होंने खसरे के आधार पर ऑनलाइन और मैनुअल नक्शे का मिलान कर ऑन लाइन एन्ट्री करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों से उन्होंने उनकी समस्या के बारे में भी जानकारी ली और उसके शीघ्र निराकरण की बात कही। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सी.एस.पैकरा, एसडीएम श्रीमती अभिलाषा पैकरा, तहसीलदार नीरजकांत तिवारी, श्रीकांत पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक राम सिंह प्रीतम बेक सतिह हल्का पटवारी उपस्थित थे।

# जिला चिकित्सालय में बनेगा 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट

## 16 करोड़ की लगात से तैयार होगा यूनिट,टेंडर की प्रक्रिया पूरी

जांजगीर, 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के लोगों को जल्द ही जिला चिकित्सालय में स्पेशल क्रिटिकल केयर यूनिट की सुविधा मिलेगी। इस यूनिट के बनने के बाद हृदय रोग, दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सहित अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को बाहर जाने की असुविधा से निजात मिलेगी।

जिला अस्पताल में 16 करोड़ की लगात से 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में गंभीर बीमारियों के इलाज के सिस्टम में बड़ा सुधार करने की दिशा से 10 जिलों में अलग से क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की मंजूरी मिली है, इसमें जांजगीर-चांपा जिला भी शामिल है। स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र मेंजिले को एक और सौगात मिलने वाली है। जिला अस्पताल में 50 बेड का क्रिकिटल केयर ब्लाक (सीसीबी)



यूनिट का निर्माण होगा। नाम के मुताबिक ही यहां ऐसे गंभीर बीमारियों की भी इलाज की सुविधा होगी, जिसे वर्तमान में क्रिकिटल केस मानते हुए रेफर करने की आवश्यकता पड़ती है। जिला अस्पताल परिसर में आक्सीजन प्लांट के पीछे दो मंजिला सीसीबी यूनिट तैयार करने के लिए जगह फाइनल की गई है। सीजीएमएससी के द्वारा इसका निर्माण किया जाएगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। जल्द ही काम शुरु भी हो जाएगा। क्रिटिकल केयर यूनिट्स में गंभीर बीमारियों के अलावा रोड एक्सीडेंट, आगजनी जैसे हादसों में गंभीर मरीजों का इलाज किया जाएगा। क्रिटिकल केयर ब्लाक के निर्माण के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत केंद्र सरकार की ओर से 60 प्रतिशत और राज्य सरकार की ओर से 40 प्रतिशत की राशि वहन की जाएगी। क्रिकिटल केयर युनिट को एकदम अलग से बनाया जाएगा। बिल्डिंग से लेकर इंस्फ्राक्चर, मशीनें और विशेषज्ञ डाक्टर्स और स्टाफ सब कुछ अलग से मिलेंगे। यानी यह एक तरह से पूरा नया अस्पताल ही होगा। अभी गंभीर केस आने पर बिलासपुर,रायपुर रेफर करते हैं। यहां से बिलासपुर की दूरी 50 किलो मीटर तो रायपुर की दूरी 150 किलो मीटर पड़ती है। ऐसे में मरीज को आपात इलाज नहीं मिल पाता। इसलिए प्रदेश में अलग - अलग सेंटर में क्रिटिकल केयर यूनिट बनाई जा रही है, ताकि गंभीर मरीजों को नजदीक में बेहतर इलाज मिल जाए।

### जिले के लिए बड़ी सुविधा

**जिला अस्पताल परिसर में 5 बेड का क्रिकिटल केयर ब्लाक का निर्माण किया जाएगा। जिसमें गंभीर और क्रिकिटल केसेस में इलाज की संपूर्ण सुविधा होगी। क्रिटिकल केयर ब्लाक जिले के लिए बड़ी सुविधा के रुप में मिली है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण कराया जाएगा। टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जल्द काम शुरु होगा।**

**डा. एके जगत**, सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती

**क्रिटिकल केयर ब्लाक सामान्य अस्पतालों से अलग होगा। 5 बेड के ब्लाक में मरीजों को गहन चिकित्सकीय सेवा मिलेगी, जो किसी कारपोरेट अस्पताल की तरह होगी। 24 घंटे विशेषज्ञ चिकित्सक व कर्मचारियों की तैनाती होगी। 5 बेड में 1 बेड आईसीयू, 1 एचडीयू, 24 बेड का और 2 बेड का आइसोलेशन वार्ड, 2 बेड का डायलिसिस वार्ड, 5 बेड का ट्रामा सेंटर होगा। हार्ट अटैक, कैंसर, हेड इंजुरी, सड़क हादसों के गंभीर मामलों को हैंडल करने वाले विशेषज्ञ डाक्टर्स का सेटअप रहेगा। मरीजों के लिए वरदान साबित होगा।**

## सार-संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से भालू की हुई मौत



**मनेन्द्रगढ़** 21 सितंबर (देशबन्धु)। बुधवार की रात ट्रेन की चपेट में आने से नर भालू की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार की सुबह वन अमला मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने भालू का पोस्टमार्टम कराया गया। मालूम हो कि वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत बौरीडांड से उदलकछार के बीच 15 वर्षीय नर भालू रेलवे पटरी पार करते समय रेलगाड़ी की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद वन अमले ने मृत भालू का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया है।

### सारंगढ में डेंगू ने दिया दस्तक,कलेक्टर ने किया सतर्कता बरतने की अपील

**सारंगढ** 21 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में डेंगू का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही साथ नालियों के गंदे पानी से मच्छर, मक्खी की तादाद में इजाफा हुआ है। सारंगढ़ में अभी तक कई डेंगू के मरीज मिले हैं। अब तक कई मामले सामने आ चुके हैं। सारंगढ़ नगर सहित शहर के कई स्थानों में नालियों एवं गंदे पानी के ठहराव के कारण डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। समाजसेवी सतीश यादव ने प्रशासन से अनुरोध करते हुए कहा कि लारवा की जांच तेजी से की जाए। नगरपालिका की ओर से फॉगिंग किया जाए।

### 40 बोरी चावल के साथ मेटाडोर जब्त



**जांजगीर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस द्वारा नाकेबंदी कर जगह जगह वाहनों की तलाशी ली जा रही है। मंगलवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक मेटाडोर वाहन क. सीजी 11 एबी 2663 को रोककर तलाशी ली गई तो उसमें 40 बोरा चावल रखा हुआ था। इस संबंध में ड्राइवर से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम परशुराम राठौर पिता लाखन लाल राठौर कचंदा थाना नगरदा का होना बताया। वाहन और चावल को सुरेश राठौर का होना बताया। वाहन एवं चावल के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। जिस पर खाद्य निरीक्षक सक्ती को सूचित किया गया। खाद्य निरीक्षक के आने पर उनके द्वारा मौके पर उपस्थित गवाहों के समक्ष चावल का पंचनामा तैयार कर जब्ती कर वाहन और चावल को थाना नगरदा में सुरक्षार्थ रखा गया है।

### पहरिया सेक्टर में पोषण माह कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**जांजगीर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में बलौदा परियोजना अंतर्गत सेक्टर पहरिया में पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में 1 सितंबर से 30 सितंबर तक ''सुपोषित भारत संस्कार भारत व सशक्त भारत हैं'' के थीम पर पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है।

## अपर कलेक्टर ने राजनैतिक दल के पदाधिकारी की ली बैठक

### भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन, नाम परिवर्तन मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव पर हुई चर्चा

**जांजगीर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में अपर कलेक्टर एसपी वैद्य ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के विधानसभा क्षेत्र 33 अकलतरा, 34 जांजगीर चाम्पा एवं 38 पामगढ़ (अ.जा.) के मतदान केन्द्रो के भवन परिवर्तन, स्थल परिवर्तन, नाम परिवर्तन के प्रस्तावों पर चर्चा, अनुमोदन हेतु राजनैतिक दलों के नामित, मान्य पदाधिकारी, समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर ने उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियो को बताया कि विधानसभा आम



निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रो का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। विगत विधानसभा आम निर्वाचन 2018 एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2019 में अनुमोदित मतदान केन्द्रों में चुनाव कार्य सुगमतापूर्वक सम्पन्न हुआ। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त मतदान केन्द्रो में मतदाताओं को सुनिश्चित न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराई जाना है। मतदाताओं के सुविधा को ध्यान में रखते हुए जीर्णशीर्ण, सुविधा विहीन भवन के स्थान में सुविधायुक्त भवन को मतदान केन्द्र बनाया है। विधानसभा क्षेत्र 33 अकलतरा में भवन, स्थल एवं नाम परिवर्तन के कुल 09, विधानसभा क्षेत्र 34 जांजगीर चाम्पा में भवन, स्थल एवं नाम परिवर्तन के कुल 13 तथा विधानसभा क्षेत्र 38 पामगढ़ में भवन, स्थल एवं नाम परिवर्तन के कुल 09 प्रस्ताव प्राप्त हुये है। उक्त प्रस्ताव पर उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहमति व्यक्त की। इस अवसर पर प्रदीप सराफ, आभाष बोस, श्रीमती मिथलेश बघेल एवं ललित बघेल लखन लाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मडावी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## भाजपा के दिग्गज नेता पहुंचे, जिलाध्यक्ष चंद्रा के निवास



**डभरा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नव मतदाता एवं युवा सम्मेलन के बाद प्रदेश सह प्रभारी नितिन नवीन, छत्तीसगढ़ी फिल्म सुपर स्टॅार अनुज शर्मा, सतनामी समाज धर्म गुरू खुशवंत साहेब, राष्ट्रीय सोशल मिडिया प्रभारी युवा मोर्चा भाजपा अमनदीप व सभी अतिथिगण सहित तीनों विधानसभा के कोर कमेटी के सदस्य भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा के निवास नगझर पहुंचे। जहां नितिन नवीन का कृष्णकांत चंद्रा सहित भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा जोरदार आत्मीय स्वागत किया गया। वही जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा द्वारा नितिन नाबिन, अनुज शर्मा व सुखवंत साहेब को शाल भेंटकर सम्मानित किया। जिलाध्यक्ष द्वारा अगामी विधानसभा चुनाव में जिले के तीनों विधानसभा में भाजपा को जीताने के विषय में नितिन नवीन से विशेष मार्गदर्शन लिया गया। कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि नितिन नवीन के मार्गदर्शन में निश्चित रूप से इस बार प्रदेश सहित जिले के तीनों विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी जीत की परचम लहराएगी।

## डभरा के सदर प्राथमिक शाला में भरा पानी,परिसर में बदबू

**डभरा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत डभरा के शासकीय प्राथमिक शाला सदर डभरा में पानी भरा हुआ है जिसके कारण शाला परिसर में बदबू आ रही है और पानी भरने के कारण बच्चों एवं स्टाफ को बाथरूम जाते नहीं बन रहा है,जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता हैं।

बारिश होने से स्कूल परिसर एवं कमरो में पानी भर जाता है स्कूली बच्चों को विद्यालय पढ़ाई करने आने में भारी परेशानी होती है स्कूल में अहाता नहीं है, पानी निकासी की कोई सुविधा नहीं की गई है जिस कारण पानी विद्यालय परिसर में भर जाता है,जबकि ब्लॉक के आलाधिकारियों का निवास स्थान डभरा हीं है पर किसी का नजर यहां पर नहीं पड़ता। कहते हैं कि प्राथमिक शाला शिक्षा का मंदिर होता



है लेकिन यहां तो सब उल्टा पुल्टा साबित हो रहा है। शिक्षा जैसे पवित्र संस्था में शासन प्रशासन का ध्यान ही नहीं है। कई बार लिखित व मौखिक में सूचना भी दे दिया गया है, फिर भी अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। जो चिंतनीय है। स्कूल के बगल में ही नगर पंचायत का कार्यालय है, एक तरफ सरकार यह कहती है कि स्कूलों के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं आखिर यह पैसा कहां का खपाया जा रहा है जो समझ से परे है। बारिश के दिनों में सदर प्राथमिक शाला डभरा में पानी भर जाता है जिससे छात्रों को हर रोज दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पहरिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जांजगीर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में बलौदा परियोजना अंतर्गत सेक्टर पहरिया में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता एवं मतदान के महत्व के बारे में आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से कलश यात्रा रैली का आयोजन किया गया।



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मतदाताओं को जागरूक करते हुये मतदाता एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने कार्यक्रम में मतदाताओं को बताया कि नवीन मतदाता एवं महिलाओं को अपने मताधिकार के उपयोग में पीछे नहीं रहना चाहिये एवं किसी भी पात्र मतदाता का एपिक कार्ड नही छूटना चाहिए क्योंकि बिना एपिक कार्ड के वे अपने मताधिकार का उपयोग नहीं कर सकते। साथ ही उन्होंने बताया कि मताधिकार हमारा केवल अधिकार ही नही अपितु प्रथम कर्तव्य भी है और भारत के नागरिक होने के नाते बिना किसी के बहकावे या लालच में आये हमे अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से उपयोग कर सही व्यक्ति का चुनाव कर समाज को सही दिशा प्रदान करने में अपना योगदान देना चाहिए। मतदान के प्रति जागरूकता लाने हेतु कलश यात्रा रैली भी निकाली गई। जिसमें उपस्थित समस्त प्रतिभागियों जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास द्वारा मतदान हेतु शपथ दिलाया गया।

## राजस्व निरीक्षक सहित 06 कर्मचारियों को बर्खास्त

**अकलतरा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले के अकलतरा से निकल कर सामने आ रही है जहां नगरीय प्रशासन विभाग ने बड़ी कार्यवाही करते हुए नगर पालिका में पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक सहित 06 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इस कार्यवाही के बाद पालिका प्रबंधन में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक अकलतरा नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक नंदकुमार यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक कल्याण दास, प्लम्बर प्रमोदचन्द कुर्ते, पंप ऑपरेटर रामरतन यादव, ऑपरेटर श्रीकांत दुबे और लाइनमैन शंकरलाल सेन की सेवा समाप्त कर दी गई है। मामला नियम विरुद्ध नियमितीकरण की शिकायत बताई गई है। शिकायत मिलने के बाद नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी 06 कर्मचारियों के बर्खास्तगी का आदेश जारी किया है। बता दे कि नगर पालिका की पीआईसी बैठक में नियम विरुद्ध नियमितीकरण करने का मुद्दा जोरशोर से उठा था जिसके बाद आज नगरीय प्रशासन विभाग ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया।

## नपा में सफाई सुरक्षा शिविर का हुआ आयोजन

**चांपा,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद चाम्पा में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंर्तगत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत सभी सफाई मित्र को विभिन्न योजना का लाभ मिल सके। सभी को आवास योजना ,राशन कार्ड योजना ,मितान योजना,पैशन योजना और स्लम स्वच्छ जैसे विभिन्न योजना का लाभ दिया गया। इन सभी योजना का आयोजन नपाअध्यक्ष जय थवाईत, उपाध्यक्ष हरदेव देवांगन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रहलाद पाण्डे पार्षदगण की उपस्थिति में किया गया। इस शिविर में स्वच्छता दीदीयों का मोबाइल स्वास्थ्य यूनिट के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया साथ ही उन्हें दवा भी उपलब्ध कराया गया।

## 24 को परिवर्तन यात्रा में केन्द्रीय मंत्री वर्मा वबृजमोहन होंगे शामिल

**जांजगीर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर-चाम्पा विधान सभा क्षेत्र में दिनांक 24 सितम्बर दिन रविवार को पहुंचने वाली भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर जांजगीर-चाम्पा विधान सभा की बैठक सम्पन्न हुई। परिवर्तन यात्रा की भव्य स्वागत के लिये इस बैठक में परिवर्तन यात्रा का मार्ग, जनसभा, स्वागत सभा, बाईक रैली, साज-सज्जा, गाजे-बाजे व आतिशबाजी को लेकर आवश्यक विचार-विमर्ष किया गया। पूरे क्षेत्र व अंचल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर भारी उत्साह का वातावरण है। इस





कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री बीएल वर्मा, अति विषिष्ट अतिथि के रूप में छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजमोहन अग्रवाल, सांसद जांजगीर-चाम्पा गुहाराम अजगल्ले सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहेंगे। 24 सितम्बर को घठोली चौक चाम्पा से जांजगीर कचहरी चौक तक भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा परिवर्तन यात्रा का बाईक रैली के माध्यम से भव्य स्वागत किया जायेगा। शाम 4 बजे कचहरी चौक जांजगीर में जनसभा का कार्यक्रम होगा। 25 सितम्बर को भारत सरकार के केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रातः 8:30 बजे जांजगीर-नैला के अग्रसेन भवन में समाज प्रमुखों से संपर्क, प्रातः 9:00 बजे जांजगीर-नैला के अग्रसेन भवन में प्रेसवार्ता, प्रातः 9:45 बजे जांजगीर-नैला से ग्राम खोखरा आगमन मां मनका दाई मंदिर दर्शन, प्रातः 10:30 बजे ग्राम खोखरा में स्वागत सभा, प्रातः 11:00 बजे ग्राम कुटरा में स्वागत सभा का कार्यक्रम होगा। कचहरी चौक जांजगीर के जनसभा मे छ.ग. के सुप्रसिद्ध कलाकर पद्मश्री अनुज शर्मा/मोना सेन का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित है। जिला मुख्यालय में परिवर्तन रथ यात्रा के स्वागत, बाईक रैली व जनसभा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिये भाजपा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण जी-जान से जुटे हुए है। भाजपा जांजगीर-नैला नगर मण्डल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी, चाम्पा नगर मण्डल अध्यक्ष गणेश श्रीवास, जांजगीर-ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष भुवनेश्वर साहु, नवागढ़ मण्डल अध्यक्ष जगदीश कष्यप ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

## गोविंदा गौठान में रीपा से जुड़कर समूह के सदस्य बना रहे दोना पत्तल

**जांजगीर,** 21 सितम्बर (देशबन्धु)। गोविंदा गौठान में संचालित महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) में, यहां के ग्रामीण युवाओं ने उद्यमी बनने की दिशा में आगे कदम बढ़ाते हुए रीपा से जुड़कर दोना-पत्तल बनाने का कार्य कर रहे हैं। उनके समूह के सदस्यों द्वारा बनाए जाने वाले दोना पत्तल की मांग उनके गांव सहित आसपास के क्षेत्र में दिनों दिन बढ़ रही है और दुकानदार भी उनसे दोना पत्तल खरीदने के लिए अधिक संख्या में जुड़ रहे हैं। इन युवाओं ने अपने मेहनत और ऊर्जा से विगत माह में 30 हजार मुनाफा कमा लिया है। उन्होंने कभी नही सोच था कि उन्हें अपने ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार का रोजगार प्राप्त कभी हो सकता हैं। स्वसहायता समूह के अध्यक्ष रतन माझी बताते हैं कि पहले उनकी आर्थिक



स्थिति अच्छी नही थी पैसों की किल्लत रहती थी। वह मेहनत मजदूरी करने जम्मू कश्मीर जाते थे परंतु जब उन्हें पता चला की छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क (रीपा) अंतर्गत आजीविका संबंधी रोजगार प्राप्त हो रहा हैं तब उन्होंने तत्काल रीपा से जुड़कर छत्तीसगढ़ शासन के मदद से दोना पत्तल बनाने की मशीन और पेपर कप बनाने की मशीन प्राप्त किये और आज उससे दोना पत्तल बनाकर लाभ विगत माह में हीं लगभग 30 हजार रुपये लाभ प्राप्त हो चुके हैं और अब रोजी मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। उन्होंने आगे बताया कि अभी वह पेपर कप बनाने का कार्य भी सीख रहे हैं जिसे सीख कर पेपर कप भी बनाएंगे जिससे उन्हें और आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

## 130 लीटर महुआ शराब एवं 49 पाव देशी शराब के साथ तीन आरोपी पकड़ाए

जांजगीर, 21 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी थाना प्रभारियों सहित आबकारी विभाग को विशेष दिशा निर्देश दिया गया है। अवैध शराब बिक्री पर टोक लगाने जिले की पुलिस लगातार ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन मुखबीर से सूचना मिली सूचना पर रेड कार्यवाही किया रामचरण सिंह उम्र 35 साल निवासी अमेटी कोटमीसोनार के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब, सत्य प्रकाश मिरी उम्र 28 साल निवासी कोटगढ़ के कब्जे से 49 पाव देशी शराब और राजकुमार सिंह उम्र 4 साल निवासी कोटमीसोनार के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना अकलतरा में अलग अलग अपराध धारा 34 (2) आब. एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। उक्त कार्रवाई में स्द्ध अरुण सिंह, सियाराम यादव, महिला प्रधान आर अनिता पाटले, आर राघवेन्द्र घृतलहरे एवं गठित विशेष टीम का योगदान रहा।

# झमाझम बारिश से शहर जलमग्न

## सिरगिट्टी हाई स्कूल में पानी भरा, बच्चों की छुट्टी, प्रशासन भी नहीं दे रहा ध्यान

### शहर के कई जगहों पर नालों का निर्माण, आवागमन प्रभावित

**बिलासपुर**, 21 सितंबर। झमाझम बारिश से शहर के निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। आज भी दोपहर को ही तेज़ बारिश के बाद पुराना बस स्टैंड श्रीकांत वर्मा मार्ग तालापारा मरिमाई रोड बंधवापारा अरविंद नगर समेत कई जगह में पानी भर गया है। कल रात लगातार बारिश के बाद पुराना बस स्टैंड में एक इलेक्ट्रिक ऑटो भी पानी में पलट गई। नगर निगम के द्वारा पानी निकासी के लिए स्मार्ट सिटी योजना के तहत शहर शहर के अधिकांश वार्डों में नाला का निर्माण किया जा रहा है । तालापास सत्यम चौक तक तथा जवाली नाला से होकर मसानगंज तक नाला का निर्माण किया जा रहा है ताकि पानी निकासी हो सके। पुराने बस स्टैंड में सूर्या होटल के मुख्य मार्ग में आज दोपहर भी पानी भर गया था। कल रात तो यहां बारिश में जल भराव के बाद वहां वाहन पलट रहे थे। तालापारा एवं मरीमाई रोड में भी नाली का पानी सड़कों पर बह रहा था। और तो और शहर में कई स्थानों पर पानी निकासी के लिए नगर निगम के द्वारा कलवर्ट का निर्माण एवं स्मार्ट सिटी योजना के तहत नाला निर्माण करने के बावजूद श्रीकांत वर्मा मार्ग में जल भराव की स्थिति जस की तस बनी हुई है। मित्र विहार कॉलोनी मुख्य मार्ग में पानी भर



रहा है। निगम पिछले 10 सालों से शहर में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए तरह-तरह के प्रयोग कर रही है। लिंक रोड पुराना बस स्टैण्ड स्टैंड तथा डॉक्टर प्रदीप सिंहारे मार्ग एवं श्रीकात वर्मा मार्ग में कलवर्ट का निर्माण भी कराया। नाली भी बनाई लेकिन जल भराव की स्थिति पूर्व की तरह बनी हुई है। सत्यम चौक में भी नाला का चौड़ीकरण एवं कल्वर्ट का निर्माण करने की बावजूद जल भराव की स्थिति बनी हुई है। शहर में जगह-जगह पूजा पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित की जा रही हैं। लेकिन लगातार बारिश के चलते कई पूजा पंडाल में गणेश प्रतिमा को पॉलिथीन से ढक कर रखा गया है। ताकि गणेश की प्रतिमा पर पानी ना पड़ सके। लाल बाग का राजा बृहस्पति बाजार में भी गणेश पूजा के लिए पंडाल तो बनाया गया है लेकिन तेज बारिश के चलते लाल बाग के राजा को पॉलिथीन से ढका गया है। वहीं अनेक स्थानों पर पूजा पंडाल में पानी से बचाव के लिए तैयारी की गई ।बिलासपुर वैसे यह जनप्रतिनिधियों के लिए डूब मरने की बात है कि बीजेपी कई सालों से स्वीकृति गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल का भवन और परिसर हर साल सामने कलवर्ट का निर्माण करने के बारिश होते ही तालाब में बदल जाता है। इस भवन के चारों ओर पानी भर जाता है वही भवन के भीतर भी हर कक्ष में घुटने से कमर तक पानी रहता है। जिसके बाद भी यहां जल निकासी की चलते छात्रों को छुट्टी देनी पड़ती। इससे भी बड़ी दुखद है कि शिक्षा विभाग और प्रशासन के बड़े अधिकारियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों को स्कूल में हर साल होने समस्या का समाधान नहीं हो सका। वाली जलभराव की समस्या की भली भांती जानकारी है। इसके बावजूद वह हाथ पैर हाथ धरे बैठे है पूर्ण राम श्री मिट्टी का शासकीय हाई स्कूल जिस जगह बना है। छत्तीसगढ़ परिसर तथा बस स्टैंड वह सत्ता के नीचे है। इसलिए जरा सी बारिश आने पर चारों ओर का पानी उसमें आने लगता है। ध्यान देकर समस्या के स्थाई हल की तलाश करनी चाहिए।

# महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों की हड़ताल, एंबुलेंस सेवा ठप

**बिलासपुर**, 21 सितंबर । पांच सूत्री मांगों को लेकर जिला के महतारी एक्सप्रेस के कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार से शुरू हो गई है। इसके चलते 102 की एंबुलेंस सेवाएं ठप रहीं। कर्मचारी सीएमएचओ कार्यालय के दो-तीन माह कार्य कराकर एक माह का वेतन देने समेत पांच सूत्री मांगों को लेकर धरना पर बैठ गए हैं।



संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पांच सूत्री मांगों को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर मंत्री को कई बार जानकारी गई और समस्या का समाधान करने की मांग की गई। इसके बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं की गई है। कुछ दिन पहले प्रदर्शन भी किया गया था। इस दौरान मांगों को पूरा करने का आश्वासन मिला था, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

कर्मचारियों ने कहा कि जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी तो आंदोलन जारी रहेगा। 102 महतारी एंबुलेंस सेवा का नई सेवा प्रदाता ठेका कंपनी द्वारा जारी भर्ती विज्ञापन को निरस्त कर दस वर्षों से सेवा कार्य कर रहे कर्मचारियों को उनके वर्तमान कार्यस्थल पर फिर से पदस्थापना और वर्ष 2018 से शेष बचे हुए कर्मचारियों का समायोजन। 108 और 102 के कर्मचारियों के पूर्व बकाया वेतन का तुरंत भुगतान। माह के पहले सप्ताह में कर्मचारियों का वेतन भुगतान जारी किया जाए।

कर्मचारियों को वर्ष 2018 से 2023 तक का वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ एरियर के रूप में एकमुश्त भुगतान। आठ घंटे का काम निर्धारित, अतिरिक्त समय में किए गए कार्य की ओवरटाइम राशि दें। मुख्यमंत्री के वादे के अनुसार 108 और 102 एंबुलेंस सेवा को ठेका प्रथा से हटाकर सरकार द्वारा स्वयं संचालन कर 60 वर्ष तक नौकरी की गारंटी। ये प्रमुख मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं, 108 संजीवनी एक्सप्रेस के जिला प्रबंधक जगत बंजारे ने बताया कि हड़ताल के संदर्भ में यूनियन द्वारा भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है। वर्तमान में 108 संजीवनी एक्सप्रेस में कार्यरत किसी भी कर्मचारी का इसमें किसी भी प्रकार का कोई जुड़ाव नहीं है। हमारे कर्मचारी आपातकालीन सेवा की महत्व को देखते हुए पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवा दे रहे हैं। जिन लोगों द्वारा हड़ताल की बात की जा रही है, उनका हमारी संस्था से कोई सरोकार नहीं है।

# आयुष्मान मेला में 385 मरीजों का हुआ इलाज

### हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण

**बिलासपुर** , 21 सितंबर ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तखतपुर में आज आयुष्मान भव: गतिविधि के अंतर्गत आयुष्मान मेला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी हितग्राहियों के विभिन्न बीमारियों का इलाज तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्त जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित आयुष्मान मेला में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रोशन शुक्ला, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण सिंह ठाकुर, मेडिसिन



विभाग के चिकित्सक डॉ. विवेकानंद मिश्रा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ ज्योति रानी आचार्य, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राज किरण शर्मा के द्वारा एन सी डी स्क्रीनिंग ,टीबी , लेप्रोसी जांच, नेत्र जांच सहित अन्य जांच की गई और 385 मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया गया। मुख्य अतिथि ने स्वास्थ्य मेला के सफल आयोजन पर बधाई दी इस अवसर पर हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी तखतपुर डॉ. सुनील हंसराज तथा मुन्ना श्रीवास, बीपीएम केशर सिंह, डॉ प्रमोद श्रीधर, अंशुमान तिवारी सहित अन्य सभी स्टाफ उपस्थित थे।

# रेलगाड़ी थीम पर मंडल से गुजरने वाली गाड़ियों में चलाया गया गहन स्वच्छता अभियान

**बिलासपुर**, 21 सितंबर । भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाडा का आयोजन किया जा रहा है। 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाडा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय एवं बिलासपुर मंडल में प्रत्येक दिवसों के थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 20 व 21 सितम्बर को स्वच्छ रेलगाडी थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्यालय एवं मंडल के नामित अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमों द्वारा मंडल से गुजरने वाली गाडियों में स्वच्छता का गहन निरीक्षण किया गया । इस दौरान सभी गाडियों के विशेष रूप से टॉयलेट की साफ सफाई के साथ ही साथ भीतरी स्थानों में बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई। डस्टबिन की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया गया। गाड़ियों के पेंट्रीकार में स्वच्छता का विशेष निरीक्षण किया गया। पेंट्रीकार में ऑन ड्यूटि स्टाफ को स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गए। गाडियों के अंदर बायोटायलेट उपयोग करने के निर्देश, स्वच्छता जागरूकता संबंधित पोस्टर तथा रेल परिसर में गंदगी फैलाने पर रेलवे नियमानुसार जुर्माने के प्रावधानों को बताकर यात्रियों से गाड़ियों व रेल परिसर में स्वच्छता बनाये रखने का आग्रह किया गया। गाड़ियों में उपलब्ध ऑन बोर्डिंग हाउसकीपिंग स्टाफ का गहन निरीक्षण के दौरान उन्हें स्वच्छता से सबंधित दिशा निर्देश दिये गए । यात्रियों से गाड़ियों में उपलब्ध बायोटोयलेट के उचित प्रयोग की जानकारी प्रदान की गई ।

**NECC**

| 22.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 520 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188